क्षेत्रीय कार्यालय–उ0प्र0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0
ए–152, जिगर कालोनी, मुरादाबाद।

पत्रांकः– पी0सी0एफ0/उर्वरक–निविदा/2026–27/ 56 दिनांक 18.05.2026

पुनः ई–निविदा सूचना

मुख्यालय के पत्रांकः पीसीएफ/उर्वरक/2026–27/12 दिनांक– 02.04.2026 के बिन्दु संख्या–40 के क्रम में वित्तीय **वर्ष 2026–27 एवं 2027–28** हेतु उर्वरक/बीज परिवहन, रिबैगिंग, रैक हैण्डलिंग एवं पल्लेदारी कार्य हेतु मुरादाबाद मण्डल के जनपद रामपुर में दरों का निर्धारण तथा परिवहन ठेकेदार नियुक्त किये जाने हेतु **पुनः ई–टेण्डर** के माध्यम से प्राप्त निविदाएँ निम्न तिथियों में आमंत्रित कर खोली जायेगी :–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि	निर्धारित समय		
			निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय	निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि	निविदा प्रपत्र खोलने का समय
1	रामपुर	28.05.2026	**03.00 PM**	28.05.2026	**03.30 PM**

निर्धारित निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर, उक्त पर ई–टेण्डर की निविदा फार्म एवं वांछित प्रपत्र स्कैन कर अपलोड की जायेगी। निविदा का विवरण निम्नवत् है:–

1– उर्वरक/बीज परिवहन, रैक हैण्डलिंग, रिबैगिंग, लोडिंग, तथा पल्लेदारी का कार्य।

2– धरोहर धनराशिः– (1) A, B, C कैटेगरी जनपद हेतु रू0 1,00,000.00 (एक लाख मात्र)

3– निविदा फार्म मूल्यः–रू0 5900.00 (पॉच हजार नो सौ रूपये मात्र) जी0एस0टी0 सहित।

उपरोक्त धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट जो यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0 पेयबिल एट मुरादाबाद के नाम से अथवा आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0 के पंजाब नेशनल बैंक मे खुले खाता संख्या 474000vs00000716 IFSC Code PUNB0027910 में निर्धारित तिथि दिनांक 28.05.2026 समय सायः 03:00 बजे तक जमा किया जायेगा। पी0सी0एफ0 के जिला कार्यालय द्वारा धरोहर धनराशि/निविदा पंजीयन शुल्क एवं निविदा मूल्य की रसीद नही काटी जायेगी और न ही रसीद स्वीकार होगी। बिना धरोहर राशि वाली अपूर्ण निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र पर निर्धारित तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव सभी आवश्यक डाक्यूमेण्टस को स्कैन कर वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निर्धारित तिथि एवं समय तक अपलोड किया जा सकता है वांछित प्रपत्र अपलोड न किये जाने की स्थिति में टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन परिवहन ठेकेदारों को पूर्व में पी0सी0एफ0 या अन्य किसी सरकारी/सहकारी संस्था (भारत सरकार/किसी भी राज्य सरकार द्वारा) काली सूची में डाला गया है, उनकी निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी और टेण्डर कमेटी द्वारा ऐसी डाली गयी निविदाओं पर विचार नही किया जायेंगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। तकनीकी रूप से अर्ह निविदादाता की वित्तीय निविदा पर ही विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त अपलोड होने वाली निविदाओं के सम्बन्ध में पी0सी0एफ0 जिम्मेदार नहीं होगा। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक के पास सुरक्षित रहेगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। टेण्डर फार्म में निर्धारित नियम एवं शर्तें तथा उक्त के अनुरूप टेण्डर वेबसाइट पर अपलोड की गयी निविदा सूचना के अनुसार ही आमन्त्रित निविदा स्वीकार की जायेगी।

संयोजक/क्षेत्रीय प्रबन्धक,
पी0सी0एफ0,
मुरादाबाद मण्डल

Signature Not Verified
Digitally signed by MONIK SINGH AKELA
Date: 2026.05.18 17:41:12 IST
Location: Uttar Pradesh-UP